12 korba-pg1_Layout 1 5/12/2025 11:30 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री


हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 13 मई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4
दो विभागों के बीच फंसी है इंडस्ट्रियल एरिया से खरमोरा बस्ती जाने वाली मुख्य सड़क




बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


## खबर संक्षेप

### कुसमुंडा के इमलीछापर में लगता है ट्रैफिक जाम

**कोरबा।** कुसमुंडा के इमलीछापर में जाम का साया हटने का नाम नहीं ले रहा है। बीते कुछ दिनों से फिर से एक बार भारी वाहनों की कतार मुख्य मार्ग पर कई किलोमीटर तक लग रही है, जिससे आमजन परेशान हो रहे हैं। वहीं जाम खुलवाने में पुलिस के भी पसीने छूट रहे हैं। भारी वाहनों की यह जाम इमली छापर फाटक से लेकर दाएं तरफ शिव मंदिर चौक की ओर खमरिया मोड़ तक तो कभी- कभी डंफर पुल तक और इमली छापर चौक से बाई तरफ कुचेना मोड़, एनटीपीसी पुल तक लग रही है, जिस वजह से इस मार्ग पर चलने वाले हल्के वाहन जाम में फंसे हैं। कई बार तो थाना चौक पर घंटों तक हल्के वाहन भारी वाहनों के बीच फंसे रहते हैं। दोपहिया वाहन चालक भी इस जाम से बाहर नहीं निकल पाते। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा शनिवार को शिव मंदिर चौक पर मालवाहकों को रोक कर उनके चालकों को ठंडा पानी व जूस पिलाया साथ ही उनसे यातायात के नियमों का पालन करते हुए अपनी दिशा में चलने व ओवरटेक व बेहतरीन वाहन खड़े नहीं करने एवं वाहन चालकों को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने की भी अपील की गई।

## अतिक्रमण हटाने के साथ अधिग्रहण करना था निजी जमीन

# अंतरराज्यीय बस स्टैंड के लिए मिली 2 करोड़ की राशि वापस, नहीं शुरु हो सका काम



पाली का नया बस स्टैंड जहां बनना था अंतरराज्यीय स्टेंड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रायपुर से चलकर बिलासपुर अंबिकापुर नेशनल हाईवे से गुजरकर जाने वाली यात्री बसों के लिए पाली क्षेत्र में अंतरराज्यीय स्तर का बस स्टैंड बनाने शासन से मिली 2 करोड़ की राशि अंततः वापस चली गई और बस स्टैंड निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने और निजी जमीन अधिग्रहण जैसे कार्यवाही शुरु ही नहीं हो सकी है।

**खास बात**

- मामला पाली बस स्टैंड का, नगर पंचायत ने भेजा था शासन को प्रस्ताव

**प्रतिदिन गुजरती है सैंकड़ों बसें**

पाली बस स्टैंड से प्रतिदिन अंबिकापुर, गड़वा, बिहार, यूपी जैसे राज्यों की ओर जाने वाली सैंकड़ों यात्री बसें जिनका संचालन रायपुर और बिलासपुर से होता है उक्त बसें पाली क्षेत्र से ही गुजरती है। जिनमें कुछ बसें नया बस स्टैंड की ओर जाती है। किंतु सुविधाओं के नाम पर नाम मात्र की भी व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों और बस चालक और परिचालक को लंबी दूरी के सफर में होने वाली परेशानियों का निदान नहीं हो पाता। आसपास के अतिक्रमण होने के कारण यात्रियों को भी सुलभ शौचालय जैसी सुविधा भी नहीं मिल पाती।

जिले के सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत के बाहर नया बस स्टैंड का निर्माण पहले किया गया था। पूर्व में गांधी चौक के समीप ही पुराना बस स्टैंड स्थित था जिसे हटाकर नगर क्षेत्र से बाहर किया गया। उक्त बस स्टैंड को ही अंतराज्यीय स्तर का तैयार करने का प्रस्ताव नगर पंचायत के द्वारा 2023 में राज्य शासन को भेजा गया था। उस प्रस्ताव के तारतम्य में शासन की ओर से 2 करोड़ रुपए की राशि नगर पंचायत को भेजी गई थी जिससे, बस स्टैंड का कार्य शुरु कराया जा सके। इसके लिए नगर पंचायत को एक एकड़ जमीन की जरुरत थी। वर्तमान नया बस स्टैंड जिस स्थल में मौजूद हैं वहां आसपास निजी जमीन वन विभाग और राजस्व विभाग की जमीनें हैं। इसके लिए जिला प्रशासन को आसपास के जमीनों में हुए अतिक्रमण हटाने के साथ निजी जमीन एवं वन विभाग की जमीन का अधिग्रहण करना था किंतु प्रशासन दो वर्ष से जमीन के अधिग्रहण संबंधी किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं कर सका। परिणाम स्वरुप 2 करोड़ रुपए की राशि शासन को वापस चली गई और अंतरराज्यीय स्तर का बस स्टैंड बनने के प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया।

**जनप्रतिनिधियों की नहीं दिखी पहल**

पाली जैसे महत्वपूर्ण स्थल में जहां 8वीं शताब्दी पुरानी ऐतिहासिक शिव मंदिर है। जहां दर्शन के लिए अन्य जिलों से भी लोग पहुंचते हैं। उक्त स्थल पर अंतरराज्यीय स्तर के बस स्टैंड के निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों के द्वारा की जाने वाली बड़ी पहल भी नहीं दिखी। जबकि क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक होने के साथ साथ सांसद प्रतिनिधि का भी निवास स्थान है। उसके अलावा भाजपा के बड़े दिग्गज नेता इसी क्षेत्र से आते हैं उसके बावजूद बड़ी पहल अंतरराज्यीय बस स्टैंड के लिए नहीं नजर आई।

## प्रेमिका अन्य लड़कों से करती थी बात

# हत्याकर सुला दी थी मौत की नींद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में हत्या का आरोपी।

एक युवक युवती के बीच प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। जहां युवती अपने प्रेमी के अलावा कुछ अन्य युवकों के मोबाइल फोन पर बात करती थी। इस बात की भनक जब उसके प्रेमी को लगी तो वह उसे अपने साथ समझाने ले गया था लेकिन इस बीच दोनों के बीच वाद विवाद झगड़े में तब्दील हो गया और प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की गमछे से गला घोंटकर हमला कर दिया था और पुलिस से बचने के लिए उसने एक सुसाइड नोट भी लिख दिया था ताकि पुलिस गुमराह हो सके लेकिन पुलिस की मेहनत रंग लायी और पुलिस ने लगभग एक साल बाद युवती के प्रेमी को धरदबोचा है।

**खास बातें**

- मामले का एक साल बाद हुआ खुलासा
- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलयारीभांठा का मामला

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलयारीभांठा निवासी पूजा पटेल की 25 नवंबर 2024 को घर के कमरे में लाश मिली थी। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी हुई थी। इस बीच उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मृतिका के माता पिता व भाई बहन से पूछताछ करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि मृतिका पूजा पटेल व संदेही लोकेश पटेल का माह मई 2024 से प्रेम संबंध चल रहा था तथा दोनों आपस में मोबाईल फोन से बातचीत करते आ रहे थे। घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण के दौरान घटनास्थल से प्राप्त एक ज्वेलर्स सराफा सक्ती का पन्नी का छोटा पाउच मिला था। जिस पर संदेह के आधार पर ज्वेलर्स संचालक से पूछताछ किया गया जिसके जानकारी दी गई।

23 नवंबर 2024 को ग्राम आमापाली सक्ती निवासी लोकेश पटेल के द्वारा एक चांदी का चैन क्रय किया गया था जिसका भुगतान उसने अपने मोबाईल फोन से फोन-पे के माध्यम से किया गया था, जिस पर ज्वेलर्स संचालक के बैंक एकाउंट की जानकारी प्राप्त की गई। प्रकरण की विवेचना के दौरान संदेही लोकेश पटेल का पता तलाश कर मिलने पर प्रकरण के संबंध में पूछताछ किया गया जो बताया कि मृतिका पूजा पटेल के साथ प्रेमसंबंध होना। 23 नवंबर 2024 को मोटर सायकल में मृतिका के घर पहुंचा मृतिका पूजा पटेल घर मे अकेली थी। बातचीत के दौरान अन्य लड़कों से बात न करने बोलने से मृतिका पूजा पटेल और लोकेश के बीच झगड़ा मारपीट हुआ तब लोकेश मृतिका पूजा पटेल के गले मे गमछा को लपेट कर हाथ से गला दबाकर उसकी हत्या कर एक सुसाइड नोट पूजा के तरफ का लिखकर वही जमीन में फेंक गमछा ले गया तथा आरोपी लोकेश हड़बड़ी में अपना बैग छोड़ मोटर सायकल से रायगढ भाग गया। आरोपी की निशानदेही से घटना में प्रयुक्त गमछा, मोटरसाइकिल आदि सबूत जप्त कर वैधानिक कर्यवाही करते हुए आरोपी लोकेश पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।




## खबर संक्षेप

### पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना के आवेदन 22 मई तक



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार कुल 5,68,878 छात्रों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था। रिजल्ट आने के साथ ही अब उन छात्रों के लिए एक राहत भरी खबर आई है जो अपने प्राप्त अंकों से संतुष्ट नहीं हैं। मंडल ने कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना और उत्तरपुस्तिका अवलोकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यानी, अगर किसी छात्र को लगता है कि उसे अपेक्षा से कम अंक मिले हैं या उसके अंकों में गड़बड़ी हो सकती है, तो वह अब इसकी जांच के लिए आवेदन कर सकता है। माशिमं के मुताबिक छात्र 22 मई 2025 तक इस प्रक्रिया के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें आवेदन दो तरीकों ऑनलाइन और ऑफलाइन किया जा सकता है। इसके साथ ही जो छात्र पुनर्मूल्यांकन या पुनर्गणना के लिए आवेदन करेंगे, वे द्वितीय मुख्य परीक्षा के लिए भी आवेदन भर सकते हैं।

### असामाजिक तत्वों ने जेसीबी में लगाई आग



**अंबिकापुर।** जिले के दरिमा क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने एक जेसीबी वाहन को आग के हवाले कर दिया। घटना में जेसीबी मशीन जलकर खाक हो गई। फिलहाल इस मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि पत्थलगांव क्षेत्र से एक जेसीबी मशीन को दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम धनौरा में किसी काम के लिए लाया गया था। इस दौरान सोमवार की देर रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने जेसीबी मशीन में आग लगा दी। जेसीबी मशीन में आग लगाने के बाद बदमाश भाग निकले। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद डायल 112 और दमकल की टीम मौके पर पहुंची थी। दमकल की टीम द्वारा आग पर काबू पाया गया लेकिन जेसीबी मशीन जलकर खाक हो गई। इधर इस घटना को लेकर अब तक थाने में सूचना नहीं दी गई है।

### भारी वाहन परिवर्तित मार्गों से कर सकेंगे आवागमन

**अम्बिकापुर।** केन्द्रीय मंत्री के सरगुजा प्रवास के दौरान भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन ने वाहनों के आवागमन हेतु मार्ग परिवर्तित किया है। इस दौरान मनेन्द्रगढ़ रोड, बनारस रोड की ओर से आने वाले सभी यात्री बसे एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग सांई मंदिर तिराहा, महापौर मार्ग, रावत रेसीडेंसी तिराहा, कन्या परिसर मोड़, कन्या परिसर रोड़ होते हुये गंगापुर मोड़ मासूम अस्पताल के पास रिंग रोड़, बस स्टैण्ड होते हुये अपने-अपने गन्तव्य स्थान की ओर जाएंगे। प्रतापपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज की ओर से आने वाले यात्री बसे एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन अपने निर्धारित मार्ग से ही नया बस स्टैण्ड तक आयेंगे। बस स्टैण्ड से बलरामपुर-रामानुजगंज की ओर जाने वाले यात्री बसें बिलासपुर चौक, भारतमाता चौक, सदभावना चौक, चांदनी चौक, लरंगसाय चौक, प्रतापपुर चौक से होकर जायेगी। रायगढ़, बिलासपुर की ओर से बस स्टैण्ड आने वाली सभी यात्री बसें बिलासपुर चौक, भारतमाता चौक, सदभावना चौक, चांदनी चौक, लरंगसाय चौक की ओर से होकर आयेगी।

### बाइक भिड़ंत में एक युवक की मौत, दो घायल

**अम्बिकापुर।** ओडगी थाना अंतर्गत पालकेवरा निवासी निवासी रामकुमार बडोरिया 10 मई की रात पिता व साला के साथ बाइक क्रमांक सीजी 16 सीएस 3787 से शादी घर से भोजन कर रात को वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार खाम्हाजोर जंगल के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 सीबी 6411 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर चोट लगने से राम कुमार की मौत हो गई जबकि उसके पिता व साला गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट परिजन ने ओड़गी थाने में दर्ज कराई।

## शहर की मुख्य सड़कों पर स्थित है जर्जर पेड़, निगम और वन विभाग की अनदेखी बनी वजह







# सूखे पेड़ दे रहे हादसे को निमंत्रण, अंधड़ की चपेट में आते ही बिजली होती है गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सड़क किनारे सालों से सूखे पेड़ खड़े हैं, कई बार इन पेड़ों की वजह से कई तरह की दिक्कतें सामने आती है। अंधड़ चलते ही तेज हवाओं की जद में आते जर्जर पेड़ ध्वस्त हो कर जमीनदोंज हो रही है, इस दौरान बिजली के खंभे, तार और केबल टूटने का अंदेशा रहता है, लेकिन इसके बावजूद इन पेड़ों को हटाने के लिए नगर निगम और वन विभाग ध्यान नहीं दे रही है।

शहर की कालोनी और खाली पड़ी जमीनों और मुख्य सड़क किनारे सूखे पड़े हैं। गर्मी के दिनों में तेज हवाओं के चलने पर इन पेड़ों की डगाल टूट रही है। इन सूखे पेड़ों के गिरने का खतरा भी प्रबल हो जाता है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग इन्हें कटवाने को लेकर संवेदनशील नहीं दिख रही है। लोगों की मानें तो मौसम के मिजाज के मुताबिक चलने वाली तेज हवा से पेड़ कभी भी धराशायी हो सकते हैं। आंधी चलने से इन सूखे पेड़ों के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। पेड़ कभी भी सड़क पर गिर सकते हैं, जिससे सड़क पर आने-जाने वाले राहगीरों को क्षति भी हो सकती है। रिंग रोड, कलेक्ट्रोरेट, मुंगेलीनाका चौक, रेलवे सड़क, कोनी रोड सहित कई सड़कों पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में गाड़ियां गुजरती है। जिसमें बाइक चालक, साइकिल सवार और पैदल चलने वाले शामिल हैं, जिनपर सूखे पेड़ गिरने का अंदेशा बना रहता है।



### शनिचरी बाजार में गिरा बरगद का पेड़

शनिचरी बाजार मछली मार्केट स्थित स्लाटर हाउस के पास बरगद का पेड़ आंधी बारिश से धाराशायी हो गया है। बरगद का पेड़ दो घरों के ऊपर लटका हुआ है। जिसके कारण किसी तरह की जानमाल की हानि नहीं हुई है। दुर्घटना के पूर्व मोहल्लेवासियों ने जर्जर हो चुके स्लाटर हाउस को तोड़ने नगर निगम के अधिकारी व कलेक्टर को आवेदन दिया था। लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### बिजली के खंभें और तार आते हैं जद में

हाल ही में आए अंधड़ की वजह से कई पेड़ ध्वस्त हो गए थे। इस दौरान सूखे पेड़ के कारण कई घंटों तक बिजली बंद की नौबत आ चुकी है। ऐसे में निगम प्रशासन को सड़क के किनारे सूखे पेड़ों को हटाने की जरूरत है। गर्मी के बाद बारिश का सीजन शुरू हो होने वाला है, इसमें महीनें भर की देरी है, लेकिन सड़क के किनारे पर मौजूद सूखे पेड़ परेशानी का सबब बन सकते हैं।

### विभाग के बीच सामजस्य की कमी

बताया जा रहा है कि शहर में लगाए गए पेड़ों को हटाने में वन विभाग पहल नहीं करता है, दरअसल शहर में ज्यादातर लगे पेड़ राजस्व विभाग के अधीन है, ऐसे में उन्हें कटवाने के लिए राजस्व विभाग से अनुमति ली जाती है। साथ ही नगर निगम द्वारा जर्जर पेड़ को हटाया जाता है लेकिन नगर निगम के पास अमले की कमी है, ऐसे में वन विभाग और नगर निगम मिलकर सूखे पेड़ों को हटाने के लिए काम कर सकते हैं। विभागों के बीच सामंजस्य की कमी के चलते दिक्कतें हो रही हैं।

## पारा 41 डिग्री पार

### गर्म हवा के थपेड़ों और उमस ने किया बेहाल

**बिलासपुर।** द्रोणिका का प्रभाव कम होते ही गर्मी एकबार फिर तेजी से बढ़ने लगी है, सुबह से तेज धूप निकलने के कारण तापमान 41 डिग्री से अधिक हो रहा है, वहीं आसमान में हल्के बादल छाए रहने के कारण उमस भी बेहाल कर रही है। गर्मी अधिक होने के कारण एकबार फिर कूलर और एसी फेल हो रहे हैं।



पिछले सप्ताह द्रोणिका के प्रभाव से मौसम में लगातार उतार चढ़ाव हो रहा था, कभी आंधी चल रही थी तो कभी बारिश हो रही थी, इससे तापमान के तेवर ढीले पड़े हुए थे, परन्तु पिछले दो तीन दिनों से द्रोणिका का प्रभाव कम हो गया है, अब आसमान पर हल्के बादल तो छा रहे हैं, परन्तु तेज धूप भी निकल रही है। सुबह 7 बजे से तेज धूप निकलने से 10 बजते बजते गर्म हवा के थपेड़े लोगों को हलाकान करने लगे हैं। वहीं दोपहर तक तापमान अधिक होने से कूलर और एसी भी फेल हो रहे हैं। दोपहर में शहर की सड़कें सूनी सूनी नजर आने लगी हैं। हालत यह है कि देर रात तक गर्म हवा चल रही है। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमा 41.6 डिग्री दर्ज किया गया।

### बिजली की आंख मिचौली रही जारी

गर्मी अपने प्रचंड तेवर दिखा रही है और बिजली की आंखमिचौली जारी है। सोमवार को सुबह से ही बिजली बंद होने की शिकायत रही। इस दौरान मसानगंज, सरजू बगीचा में बिजली गुल रही, सुबह से कई बार बिजली बंद होती रही। इसके साथ ही टिकरापारा, तोरवा, दयालबंद और तारबहार क्षेत्र में सुबह 10 से 12 बजे के बीच बिजली बंद रही। इसके साथ अशोक नगर, सरकंडा क्षेत्र में शाम होते ही बिजली आती जाती रही। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लोड बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर और फीडर में ट्रीपिंग की समस्या आ रही है। जिसके चलते फीडर का लोड़ ट्रांसफर कर काम चलाया जा रहा है।



## रामगढ़ पहाड़ी पर घूमने आई बच्ची गिरी 150 फीट गहरी खाई में, बाल-बाल बची

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडड़गांव/अम्बिकापुर

- तीन घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद निकाला गया बाहर, लगातार हो रही घटनाएं

रामगढ़ पहाड़ में हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे है। सोमवार को एक बार फिर परिवार के साथ रामगढ़ पहाड़ घूमने आई 11 साल की बच्ची लगभग 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। घटना पहाड़ी के चंदनमाटी में हुई। बंदरों के हमले से बचने के दौरान बच्ची का पैर फिसल गया और वह खाई में गिर गई। गनीमत रही कि उंचाई से गिरने के बाद भी बच्ची सही सलामत है। इस दौरान घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासन की टीम द्वारा एसडीआरएफ की मदद से तीन घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाकर बच्ची को बाहर निकाला गया। फिलहाल बच्ची को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना ने एक बार फिर से पर्यटन स्थल में लोगों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन के इतंजाम की पोल खोल दी है।

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम डुमरिया निवासी 11 वर्षीया बेबी राजवाड़े आ. तुलेश्वर राजवाड़े सोमवार को अपने परिवार के सदस्यों के साथ रामगढ़ पहाड़ी घूमने और मंदिर दर्शन करने के लिए आई हुई थी। इस दौरान बच्ची और उसके परिजन सुबह 9 बजे रामगढ़ पहाड़ के चंदनमाटी स्थित तालाब के पास घूम रहे थे। बच्ची ने अपने हाथ नारियल रखी हुई थी और संभवतः नारियल देखकर ही बंदरों ने बच्ची पर हमला किया। इस दौरान बंदरों से बचने के लिए बच्ची पीछे हटी तो वह सीधे लगभग 150 फीट गहरे खाई में गिर गई। गनीमत रही की बच्ची झाड़ियों और पेड़ की बेलों से फंसते हुए नीचे गई जिससे उसकी जान बच गई लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची के खाई में गिरने की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर के साथ ही पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। इधर घटना के बाद विधायक राजेश अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को जल्द से जल्द बच्ची का रेस्क्यू करने के निर्देश दिए। घटना के बाद रामगढ़ समिति और स्थानीय लोगों द्वारा एसडीआरएफ की टीम के साथ मिलकर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 3 घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को बाहर निकाला गया। बच्ची को रेस्क्यू करने के एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। फिलहाल बच्ची की हालत सामान्य बताई जा रही है।



घायल बच्ची।

### डेढ़ महीने के भीतर दूसरी घटना

रामगढ़ पहाड़ी में बंदरों के हमले से बच्ची के खाई में गिरने की यह पिछले डेढ़ महीने के भीतर दूसरी घटना है। इसके पहले 3 अप्रैल को रघुनाथपुर निवासी 7 वर्षीया नाव्या साहू आ. मिथलेश साहू भी बंदरों के हमले से बचने के दौरान खाई में गिर गई थी। जबकि पूर्व में एक दिव्यांग भी खाई में गिर चुका है। इन घटनाओं के बाद भी रामगढ़ में आने वाले पर्यटकों के लिए सुरक्षा के इंतजाम जिला प्रशासन द्वारा नहीं किए गए है। सीढ़ियों और पहाड़ के किनारे रेलिंग की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके साथ ही बिजली पानी का भी आभाव है। रामगढ़ की सीढियां भी आधी अधूरी और खतरनाक है। इसके साथ ही पहाड़ में बंदरों की मौजूदगी है। ऐसे में इन क्षेत्रों में चेतावनी वाले संकेतक भी नहीं लगाए गए है ताकि लोग खाने पीने वाली सामग्रियों को लेकर उस ओर ना जाए।

## अपोलो अस्पताल से रपटा तक बनेगी 2.25 किमी सड़क, 300 बेजा कब्जा पर चलेगा बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### 8 करोड़ होंगे खर्च

- वसंत विहार चौक में बनेगा गार्डन, सौंदर्यीकरण भी होगा
- अपोलो चौक तक 120 फीट की सड़क बनाने का काम शुरू

वसंत विहार चौक से अपोलो चौक और यहां से हॉस्पिटल होते हुए मानसी लॉज तक का कब्जा निगम ने हटा दिया है। अब यहां 8 करोड़ में विभिन्न योजनाओं को लांच किया जाएगा। इसमें बसंत विहार चौक में बड़ा गार्डन बनेगा और उसका सौंदर्यीकरण किया जाएगा। निगम ने इसके लिए प्रस्ताव राज्य शासन के पास भेज दिया है। इसके साथ ही वेंडिग जोन भी बनाया जाएगा। दूसरी ओर वसंत विहार से अपोलो चौक तक 120 फीट की सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही 20 फीट में नाली व फुटपाथ भी बनाया जाएगा। इसमें 80 लाख रुपए का टेंडर किया गया है। ट्रैफिक समस्या को दूर करने के लिए अपोलो हॉस्पिटल रोड में डिवाइडर भी बनाए जाएंगे। इसके साथ ही निगम ने अपोलो अस्पताल से रपटा पुल तक 2.25 किमी की सड़क के लिए अलग से 3.27 करोड़ का वर्कआर्डर जारी कर दिया है। इसका काम जल्द शुरू होगा। इसके लिए बीच रास्ते में आने वाले 300 मकान ढहाए जाएंगे और 80 फिट सड़क बनेगी। पूरी राशि निगम खर्च करेगा। हालांकि इस सड़क के साथ बनने वाली नाली पर व्यय होने वाले करीब एक करोड़ रुपए स्मार्ट सिटी से खर्च किए जाएंगे।

ध्यान रहे कि वसंत विहार तिराहे से दयालबंद पुल तक सड़क 120 फीट और अपोलो हॉस्पिटल के सामने की सड़क 80 फीट चौड़ी है। इसके आगे मानसी लाज और रपटा तक तो सड़क सिकुड़ कर 40 फिट भी नहीं रह गई है। इस कारण सड़कें बेहद संकरी हो गईं हैं। खासकर अपोलो हॉस्पिटल जाने वाले मरीजों को परेशानी उठानी पड़ती थी। बेजा कब्जा करने वालों को कई बार नोटिस जारी हो चुका था, लेकिन राजनैतिक संरक्षण में कोई कार्रवाई नहीं हा पा रही थी।

### मोपका के लिए सीधी सड़क मिल जाएगी

जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा के मुताबिक इस निर्माण से शहर की एक बड़ी ट्रैफिक समस्या का समाधान होगा। शहरवासियों को मोपका की ओर से शहर के बीचों बीच पहुंचने के लिए सीधी सड़क मिल जाएगी और जाम की समस्या से मुक्ति भी मिलेगी। ध्यान रहे कि मानसी लॉज से शनिचरी रपटा तक निगम ने अवैध कब्जा हटाने के लिए सर्वे और सीमांकन कराया है। निगम ने पहले चरण में वसंत विहार चौक से मानसी लॉज तक अवैध कब्जा हटा दिया है लेकिन, मानसी लॉज से शनिचरी रपटा तक अवैध कब्जा नहीं हटा है।

### चौक होगा बड़ा क्योंकि 6 सड़कें मिलती हैं

निगम कमिश्नर अमित कुमार के मुताबिक सबसे पहली प्राथमिकता चौड़ी सड़क की है। बसंत विहार चौक को बड़ा भी किया जाएगा क्योंकि यहां 6 सड़कें मिलती हैं। सभी सड़कें भविष्य के लिए और महत्वपूर्ण है। इसके अलावा वेंडिग जोन और गार्डन का भी प्लान है। निगम के मुताबिक बसंत विहार चौक में दयालबंद, मोपका, सरकंडा, बहतराई के साथ ही दूसरी सड़कें भी मिलती हैं इसलिए इसे चौड़ा करना आवश्यक है। यहां अक्सर जाम की शिकायत रहती है। यह सड़क बनने से करीब दो लाख आबादी को फायदा होगा।

### दयालबंद पुल तक भी बनेगी 120 फीट सड़क

इसके साथ ही वसंत विहार चौक से दयालबंद पुल तक 120 फीट चौड़ी सड़क का प्रस्ताव बनाया गया है। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है जिसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार है। अधिकारियों के मुताबिक मास्टर प्लान में यहां की सड़क 120 फीट चौड़ी है। इसी के मुताबिक यहां की सड़क चौड़ी की जाएगी। ध्यान रहे कि नगर निगम अपोलो के सामने की सड़क पर बेहतर ट्रैफिक के लिए डिवाइडर बनाकर दोनों ओर 40-40 फीट की सड़क बनाएगा। निगम का कहना है कि मास्टर प्लान के हिसाब से यहां सड़क बनेगी।

### ट्रैफिक समस्या का होगा समाधान

अपोलो अस्पताल से रपटा पुल तक 2.25 किमी की सड़क के लिए अलग से 3.27 करोड़ का वर्कआर्डर जारी कर दिया गया है। कुछ कब्जे भी हटाने पड़ेंगे जिसके लिए नोटिस जारी किया गया है। इस निर्माण से शहर की एक बड़ी ट्रैफिक समस्या का समाधान होगा।

- अमित कुमार
निगम आयुक्त

### ट्रेन की टक्कर से गंभीर वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** रेलवे फाटक को पार कर रहा वृद्ध ट्रेन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- केक काटकर मनाई खुशियां, मरीजों की बेहतर सेवा के लिए किया प्रोत्साहित

सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ द्वारा केक काटकर खुशियां मनाई गई जबकि नर्सिंग स्टाफ को मरीजों की बेहतर सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

बता दें कि 12 मई को देशभर में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, सिविल सर्जन डॉ. जेके रेल्वानी शामिल हुए। अतिथियों ने दीप प्रजल्वित कर फ्लोरेंस नाइटेंगल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया l



उपस्थित समस्त नर्सिंग स्टाफ द्वारा केक काट कर उनका जन्म दिवस मनाया गया। नर्सिंग स्टाफ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम के दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ आरसी आर्या ने नर्सेज की भूमिका के बारे में बताते हुए इनके द्वारा मरीजों के लिए सेवा किए गए कार्यों की सराहना की तथा नर्सो को सेवा भाव से निरंतर मरीजों की सेवा करने एवं अपने जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया एवं शुभकामनाएं दी। नर्सेस डे के इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी द्वारा भी समस्त नर्सेस की कार्यों एवं जिम्मेदारियों की सराहना करते हुए उन्हें निरन्तर सेवा भाव से कार्य करने के लिए उत्साहित किया एवं शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान चिकित्सालय के सहायक अस्पताल अधीक्षक डॉ. जीके दामले, डॉ. मनोज भारती, डॉ. अर्पण सिंह चौहान, अस्पताल सलाहकार स्वस्ति शुक्ला, प्रभारी मैट्रन सुश्री चंद्रशीला लाल, डायटिशियन श्रीमती सुमन सिंह, सहित चिकित्सालय के अन्य समस्त नर्सिंग स्टाफ, अधिकारी एवं कर्मचारी रहे।

### सिंगल बेंच ने दिया था कर्मचारियों के पक्ष में फैसला

## सहकारी बैंक के 110 कर्मचारियों का बहाली आदेश अपास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट की डबल बैंच ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के 110 कर्मचारियों की सेवा समाप्ति के निरस्तीकरण आदेश को अपास्त कर दिया है। ध्यान रहे कि सिंगल बेंच ने कर्मचारियों के पक्ष में फैसला दिया था। इसके खिलाफ सहकारी बैंक ने डीबी में अपील की थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डबल बेंच ने यह फैसला दिया है। सिंगल बेंच ने अपीलकर्ता पंकज कुमार तिवारी के साथ ही कर्मचारियों को बिना बकाया वेतन के बहाल करने का आदेश जारी किया गया था।

समिति प्रबंधक पंकज कुमार तिवारी, मोहम्मद इमरान खान, चंदन प्रताप सिंह, सीमा देवांगन, चंचल कुमार दुबे, चंद्रशेखर कुर्रे, लेखा कश्यप, भूपेंद्र राठौर, नरेंद्र कुमार मिश्रा, अमित पटेल व अन्य लोगों ने यह याचिका अपनी सेवा समाप्ति के खिलाफ लगाई थी। सिंगल बेंच ने हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद सेवा में बहाल करने के आदेश जारी किया था। याचिका के मुताबिक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा 14 जून 2014 को विभिन्न पद हेतु विज्ञापन जारी किया गया था।



### राज्य सहकारी अधिकरण से खारिज

याचिकाकर्ता पंकज कुमार तिवारी की ओर से अन्य ने समिति प्रबंधक के पद पर आवेदन किया। सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनकी नियुक्ति संस्था प्रबंधक के पद पर 14 फरवरी 2015 को हुई, जिसके आधार पर 13 मार्च 2015 को अपना कार्यभार ग्रहण किया। बाद में सहकारी बैंक की समस्त भर्ती प्रक्रिया में शिकायत होने पर जांच समिति गठित की गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी ने 4 नवंबर 2015 को पंकज तिवारी को नोटिस जारी किया और 23 नवंबर 2015 को सेवा समाप्ति का आदेश जारी कर दिया गया। इस आदेश के खिलाफ उन्होंने संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्था रायपुर संभाग के समक्ष अपील किया। 14 अक्टूबर 2019 को अपील खारिज कर दी गई। इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी अधिकरण बिलासपुर ने भी 20 फरवरी 2020 को अपील को खारिज कर दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में याचिका पेश की। जस्टिस एके प्रसाद के कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान याचिका में कहा गया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा कुल 110 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। याचिकाकर्ताओं ने सभी पात्रता को पूरा किया और साक्षात्कार के माध्यम से नियुक्ति पाई। इसी बीच दुर्गेश राजपूत द्वारा एक शिकायत दर्ज कराने के बाद संभाग आयुक्त द्वारा जांच समिति गठित कर दी गई। बाद में ना तो सहकारी बैंक और ना ही शिकातकर्ता दुर्गेश राजपूत इस शिकायत को प्रमाणित कर पाए। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता द्वारा यह आधार लिया गया कि जांच एकतरफा थी। हाईकोर्ट ने याचिका को स्वीकार किया और सेवा समाप्ति के आदेश को निरस्त कर दिया था। सिंगल बेंच के इस फैसले के खिलाफ सहकारी बैंक की ओर से डीबी में अपील की गई थी।

## खबर संक्षेप

### ओमकार बने कुसमुंडा ब्लॉक का कोषाध्यक्ष



**कोरबा।** कुसमुंडा खदान प्रभावित भूविस्थापित क्षेत्र से आने वाले ग्रामीण अंचल के पत्रकार ओमकार यादव को छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ कुसमुंडा ब्लॉक का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है उन्हें यह अहम जिम्मेदारी को कुसमुंडा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष ओम गवेल व सचिव नागेंद्र विश्वकर्मा के अनुशंसा पर सौंपी गई है। ज्ञात हो कि ओमकार यादव लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में भूविस्थापितों की समस्याओं को उठाते रहे हैं। इसके अलावा सड़क बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामों की भी उनके द्वारा लगातार समाचार कवरेज की जाती रही है। युवा ओमकार यादव को यह अहम जिम्मेदारी मिली है। निश्चित रूप से संगठन में उनकी यह जिम्मेदारी बड़ी जिम्मेदारी है।

### राष्ट्र सेविका समिति का प्रारंभिक अभ्यास भिलाईनगर में आयोजित



**कोरबा।** भिलाई नगर जिला दुर्ग में राष्ट्र सेविका समिति का प्रारंभिक अभ्यास वर्ग आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से बालिकाएं भाग ले रही हैं। जिले से कुल 12 बालिकाओं का समूह सोमवार को अभ्यास वर्ग में भाग लेने हेतु भिलाई के लिए रवाना हुआ। यह दल नगर कार्यवाहिका निक्की उपाध्याय तथा विभाग कार्यवाहिका सरस्वती गबेल के नेतृत्व में प्रशिक्षण वर्ग हेतु प्रस्थान कर चुका है। ग्रीष्मकालीन सत्र के अंतर्गत आयोजित इस अभ्यास वर्ग में सहभागी बालिकाओं को राष्ट्र सेविका समिति की विभिन्न गतिविधियों, वैचारिक प्रशिक्षण, शारीरिक प्रशिक्षण एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित विधिवत मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। यह वर्ग समिति की परंपरागत एवं राष्ट्रीय भावना से प्रेरित गतिविधियों की जानकारी के साथ ही सेवा, समर्पण और संगठनात्मक दक्षता के मूल्यों का भी प्रशिक्षण देगा। जिले से पहली बार बालिकाएं इस अभ्यास वर्ग में सम्मिलित हो रही हैं, जो क्षेत्र के लिए एक उत्साहजनक संकेत है।

### विधायक ने 3 करोड़ से बनने वाली सड़क का किया भूमिपूजन



**कोरबा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुर्तरा, बसंतपुर से राल डोंगरी मार्ग की 3.83 करोड़ का भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने किया। सर्वप्रथम विधायक पटेल का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग ज़िला मंत्री संजय शर्मा विधायक प्रतिनिधि राजकुमार कश्यप, सांई मन्नू राठौर, रवि रजक, जनपद सदस्य मोहनपुर संगीता सुरेश कंवर, सरपंच ग्राम पंचायत राल लक्ष्मीन बाई कंवर, उपसरपंच राल प्रहलाद सिंह, माखन लाल यादव, प्रदीप कुमार साहू सहायक अभियंता, अनिल मोदी, जितेन्द्र दुबे उप अभियंता, भीमेश्वर राजवाड़े, मनोज अग्रवाल कान्ट्रेक्टर सहित अन्य मौजूद रहे।

### ग्राम कोरबी और माखनपुर में समाधान शिविर आज

**कोरबा।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण में 13 मई को पोंड़ीउपरोड़ा व पाली ब्लाक के गांवों में समाधान शिविर आयोजित किया गया है।

### प्राइम मिनिस्टर नेशनल अप्रेंटिशिप मेला का आयोजन आज

**कोरबा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में अप्रेंटिसशिप योजनांतर्गत 13 मई को प्राइम मिनिस्टर नेशनल अप्रेंटिशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि जिला अंतर्गत सभी उद्योगों, प्रतिष्ठानों एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन किया जाना है। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

## निधन

### प्रदीप गर्ग



**कोरबा।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं अग्रवाल समाज के सदस्य मोहनलाल गर्ग एवं राजकुमार गर्ग पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा के छोटे भाई तथा जय ट्रेक्टर के संचालक व अभिनव गर्ग, जय गर्ग के पिताजी प्रदीप गर्ग का सोमवार को 60 वर्ष के उम्र निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मलदाघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान परिवार परिजन व गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

डीएमएफ से मिली निर्माण कार्य के लिए राशि

# नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को बनाया गया एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मरच्यूरी (शवगृह) के नए भवन का निर्माण कार्य इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। यह निर्माण कार्य नगर पालिका के बजाय एक ग्राम पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य ग्राम पंचायत हुंकरा को एजेंसी बनाकर करवाया जा रहा है, जो जनपद पंचायत के माध्यम से क्रियान्वित हो रहा है।

**खास बात**

- भवन निर्माण करा रही ग्राम पंचायत बाउंड्रीवाल का काम नगर पालिका को

डीएमएफ से स्वीकृत राशि से कराया जा रहा मरच्यूरी भवन का निर्माण कार्य के लिए ग्राम पंचायत हुंकरा को निर्माण एजेंसी बनाया गया है वहीं दूसरी ओर भवन के चारों ओर बांउड्रीवाल और डीप फिटिंग जैसे अन्य निर्माण कार्य नगर पालिका द्वारा कराए जाने हैं, जिनकी टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। ऐसे में एक ही स्थान पर दो अलग-अलग एजेंसियों द्वारा कार्य कराया जाना प्रशासनिक समन्वय पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है और आम लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस तरह की कार्यप्रणाली पारदर्शिता की कमी को दर्शाती है और भविष्य में विवाद की स्थिति उत्पन्न कर सकती है। यह भी आवश्यक है कि यदि डीएमएफ फंड से कार्य हो रहा है, तो सभी संबंधित संस्थाओं को पूर्व जानकारी हो तथा उचित समन्वय स्थापित किया जाए।



निर्माण कार्य जिसे करा रही पंचायत।

**देखना पड़ेगा कौन है निर्माण एजेंसी**

नगर पालिका क्षेत्र में निर्माण कार्य के लिए नगर पालिका को या जनपद पंचायत को कैसे एजेंसी बनाया गया है जांच कर बताया जा सकता है।
-अजीत वसंत, कलेक्टर

**कलेक्टर के आदेश पर पंचायत निर्माण एजेंसी**

इस संबंध में नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ने बताया कि यह कार्य डीएमएफ (डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड) से कराया जा रहा है और कलेक्टर के आदेशानुसार ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाया गया है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि नगर पालिका को इस बारे में पूर्व में सूचित किया जाना चाहिए था। जनपद पंचायत कटघोरा के अधिकारियों ने भी पुष्टि की कि कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम पंचायत हुंकरा को निर्माण एजेंसी बनाया गया है।

# भगवान गौतम बुद्ध की कुशवाहा समाज ने धूमधाम से मनाई जयंती



जयंती कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कुशवाहा समाज के द्वारा बालको सेक्टर-1 में तथागत भगवान गौतम बुद्ध की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। बालको सेक्टर 1 स्थित राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा के निवास पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। समाज के संरक्षक केदार मंडल के द्वारा विधि विधान से भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की गई। आरती कर खीर का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिक निगम के पूर्व महापौर एवं कुशवाहा समाज जिला कोरबा के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद के द्वारा भगवान बुद्ध को नमन करते हुए उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि भगवान बुद्ध ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांत का पालन करने पर जोर दिया एवं प्राणियों में आपस में प्रेम भाव रखने पर बल दिया। समाज के संरक्षक की आर. एस. सिंहा के द्वारा भगवान बुद्ध के संदेश के बारे में विस्तार से बताया गया। समाज के संरक्षक अनोखेलाल वर्मा के द्वारा बुद्धम शरणम गच्छामि, धम्मम शरणम गच्छामि यो संघम शरणम गच्छामि के भगवान बुद्ध के सूक्ति को विस्तार से उपस्थित सदस्यों को बताया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद के साथ, संरक्षक आर. एस. सिन्हा, संरक्षक अनोखे लाल वर्मा, संरक्षक के केदार मंडल, संरक्षक राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, अमेरिका मेहता, बी. एन. सिंह ओमप्रकाश सिंह, प्रताप सिंह, अजय प्रसाद, उदय प्रसाद, अंचु प्रसाद, धनंजय सिंह, सुजीत मेहता, दिनेश सिंह, जयंत सिंह, विजय प्रसाद, वशिष्ठ सिंह, अजय कुमार सहित भारी मात्रा में महिला मंडल के भी सदस्य उपस्थित थे।

# जनकू और विनोद बेस्ट सपोर्टर ऑफिसर अवार्ड से सम्मानित



पुरस्कार प्राप्त करते जनकू दास दीवान एवं विनोद सिंह करपे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

जिले के दो अधिकारियों जनकू दास दीवान और विनोद सिंह करपे को समाज हित में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए एनसीआईबी (नेशनल क्राइम इंवेस्टिगेशन ब्यूरो) द्वारा सम्मानित किया गया। जनकू दास दीवान जो छत्तीसगढ़ एनसीआईबी के पब्लिक रिलेशनशिप ऑफिसर हैं, जिन्हें बेस्ट ऑफिसर अवार्ड मिला, जबकि विनोद सिंह करपे, जो क्राइम इंफॉर्मेशन ऑफिसर हैं, जिसको बेस्ट सपोर्टर अवार्ड से नवाज़ा गया। यह सम्मान उन्हें एनसीआईबी के लखनऊ स्थित मुख्यालय में आयोजित 14वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम होटल बेबिन इन में बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आए प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया और अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 के लिए उन अधिकारियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाजहित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अधिक से अधिक पीड़ितों को न्याय दिलाने में सहायता की है। एनसीआईबी मुख्यालय ने इन अधिकारियों के योगदान को सराहते हुए उन्हें सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर एनसीआईबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि ऐसे सम्मान समाज के लिए कार्य कर रहे अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें बेहतर सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। दीपका विजय नगर निवासी जनकू दास दीवान व चोढ़ा निवासी विनोद सिंह करपे की यह उपलब्धि कोरबा जिले के लिए गर्व का विषय है।

# बालको ने जिला प्रशासन के सहयोग से किया मॉकड्रिल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मॉकड्रिल के दोरान उपस्थित प्रशासन व बालको के अधिकारी।

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ने सुरक्षा और आपातकालीन तैयारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ऐश डाइक के पास मॉकड्रिल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन जिला प्रशासन के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जो सुरक्षा और आपदा प्रबंधन क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में त्वरित एवं समन्वित प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित करना था।

इस अवसर पर राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) एवं आपातकालीन अग्नि सुरक्षा, छत्तीसगढ़, जिला प्रशासन के अधिकारी, बालकोनगर पुलिस तथा बालको अस्पताल टीम और स्थानीय समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल में एक संभावित औद्योगिक दुर्घटना का अनुकरण किया गया, जिसके माध्यम से सभी सहभागियों ने आपातकालीन प्रतिक्रिया की वास्तविक प्रक्रिया का अनुभव किया। इस अवसर पर सविता सिदार, नायब तहसीलदार ने कहा कि इस तरह की स्थिति में सभी कर्मचारियों को जागरूक और सतर्क रहना चाहिए। यह अभ्यास नियमित रूप से होना चाहिए ताकि हर कोई आपातकालीन स्थिति में सही तरीके से प्रतिक्रिया देना जानता हो। महिला और पुरुष कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ जागरूकता बढ़ाने के साथ आम जनता को आपदा के समय आत्मनिर्भर बनाती हैं। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि इस मॉकड्रिल से आपात स्थितियों में सामूहिक जागरूकता और प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया गया। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल ना केवल सुरक्षा प्रक्रियाओं की जांच का अवसर प्रदान करती है बल्कि इसमें सुधार के लिए आवश्यक सुझाव भी सामने आते हैं। कंपनी का लक्ष्य एक सुरक्षित और सतत औद्योगिक वातावरण सुनिश्चित करना है, जिसमें समुदाय की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। कंपनी लंबे समय से सामाजिक उत्तरदायित्व और सुरक्षा प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी रही है। औद्योगिक विकास के साथ कंपनी समाज, पर्यावरण और कर्मचारियों की सुरक्षा और भलाई के प्रति भी पूरी तरह समर्पित है। कर्मचारियों की सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण सत्र, वर्कशॉप और सेमिनार आयोजित किए साथ ही समुदाय की भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया गया। इस आयोजन के माध्यम से कंपनी ने संदेश दिया कि सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाना उसकी कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

# खेलों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मातृ शक्ति का किया अभिनंदन



कार्यक्रम में उपस्थित समाज की महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

परशुराम भवन में मातृ दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन एसबीआई लाइफ के सीनियर मैनेजर अभिनव दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया और मनोरंजक खेलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मातृ शक्ति का अभिनंदन किया गया। समूचा कार्यक्रम हर्षोल्लास और उमंग से परिपूर्ण रहा। इस विशेष अवसर पर परिषद की अध्यक्षा श्रीमती सावित्री शुक्ला और सचिव श्रीमती स्वाती दुबे ने कार्यक्रम का विशेष संचालन किया। एसबीआई लाइफ कोरबा ब्रांच के सीनियर मैनेजर अभिनव दुबे ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ शक्ति का सम्मान करना और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचान देना है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए गए और केक काटकर मातृत्व का यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एसबीआई लाइफ की विशेषताओं और सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई।

# मातृदिवस पर नागरिक जनसेवा समिति ने वृद्धाश्रम में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिला समिति के सदस्य।

अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के पावन अवसर पर नागरिक जन सेवा समिति द्वारा सर्वमंगला वृद्धाश्रम में एक भव्य और भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का संचालन शिक्षिका व समाजसेवी श्रीमती सना आरबी द्वारा किया गया। जिनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ शक्ति व वृद्धाश्रम के वृद्धा के प्रति सम्मान अपनापन और कृतज्ञता व्यक्त करना था। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण से हुई, जिसके पश्चात सभी महिलाओं का विशेष सम्मान किया गया। महिलाओं के सम्मान समारोह के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक खेलों, नृत्य, गीत तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन भी किया गया, जिससे कार्यक्रम में उल्लास और उत्साह की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर नागरिक जन सेवा समिति, कोरबा के अध्यक्ष मो. न्याज नूर आरबी ने अध्यक्षता करते हुए विशेष रूप से कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया व समिति के 5 साल से ज्यादा समय से किए जा रहे आमजन की भलाई के लिए किए गए कार्यों कि जानकारी संक्षिप्त में प्रस्तुत किया व वृद्धाश्रम में कमी को जल्द पूरा करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम कि मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मातृत्व दिवस के बारे में जानकारी देते हुए वृद्धाश्रम में कमी को पूर्ण करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में मातृशक्ति को समर्पित भावनात्मक क्षणों, मनोरंजन एवं सामूहिक सहभागिता का सुंदर समन्वय देखने को मिला। यह आयोजन महिलाओं के सम्मान और उनकी भूमिका को सामाजिक मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने का एक अनुकरणीय प्रयास रहा। कार्यक्रम में संचालक शिक्षिका व सर्व समाजसेवी श्रीमती सना आरबी, श्रीमती अधिवक्ता मधु पाण्डेय, श्रीमती चित्रलेखा चंदेल, श्रीमती डॉ. अन्नपूर्णा बोर्डे, श्रीमती भारती अरोड़ा, बौद्ध समाज की अध्यक्ष व समाजसेवी श्रीमती लता बौद्ध, समाजसेवी व शिक्षिका श्रीमती गायत्री साहू, समाजसेवी व स्वास्थ्य विभाग कर्मी श्रीमती शबाना अंजुम, समाजसेवी व शिक्षिका श्रीमती नीलिमा पटेल, समाजसेवी श्रीमती हेमा केशरवानी, संजीत सिन्हा, पारस जैन, शेख मंसूर, बीरु यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### घर में लगी भीषण आग सामान जलकर खाक

**कोरबा।** सरगबुंदिया में उस वक्त एक हादसा घटित हो गया। जिसमे ग्राम सरगबुंदिया निवासी सरोज कैवर्त के घर में अचानक आग लग गई। घटना उस समय की है जब परिवार के सभी सदस्य गांव में ही एक शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे। घर में कोई उपस्थित नहीं था जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई लेकिन घर में रखे कीमती सामान, कपड़े और अनाज जलकर पूरी तरह खाक हो गए। बताया जा रहा हैं कि आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही पलों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। घर में रखे कपड़े और लकड़ी के फर्नीचर से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जैसे ही आस-पास के लोगों को आग की सूचना मिली उन्होंने तत्परता दिखाते हुए पानी का छिडक़ाव कर आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की सूझबूझ और त्वरित कार्यवाही से आग पर काबू पाया गया और एक बड़ा नुकसान टल गया।

### रील्स बनाना पड़ा महंगा, होगी कार्रवाई

**कोरबा।** मुख्य मार्ग में एक ही बाइक पर 5 मित्र सवार होकर शहर में घूमने निकले। टी.पी. नगर चौक के पास पांचों मित्रो ने पहले तो यातायात नियम तोड़ा फिर अपनी हरकत का वीडियो बनवाकर फिल्मी गाने के साथ सोशल मीडिया में डाला। सीएसबी चौकी अंतर्गत बनाये वीडियो में दिख रहा है कि बाइक पर सवार युवक कुआंभट्टा क्षेत्र से शहर की ओर आ रहे थे। शाम के समय टीपी. नगर चौक से गुजरते हुए वे पाम मॉल की तरफ निकल गए। वीडियो बना रहे लोगों को हाथ हिलाकर दिखाते हुए भी नजर आए। वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया है। अब तक 1293 से ज्यादा लोगों ने इसे देखा है। करीब 800 लोगों ने इसे शेयर किया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। तद्पश्चात नियमानुसार आगे कार्यवाही की जाएगी।

## कोरबा मार्केट









## खबर संक्षेप

### बेस्ट सोशल वर्कर से नवाजी गईं भगवती



**कटघोरा।** बीते 5 वर्षों से निरन्तर समाज सेवा रचनात्मक कार्य जरूरतमन्द की सेवा सहित विभिन्न संस्थाओं में सक्रिय रूप से कार्य करने वाली सामाजिक कार्यकर्ता भगवती अग्रवाल को ग्लोबल आइकॉन अवार्ड जो कि ज्ञानोदय फाउंडेशन कोटा राजस्थान द्वारा गवर्नमेंट आफ इंडिया भारत सरकार की ओर से किया गया था। जिसमें बेस्ट सोशल वर्कर के लिए श्रीमति भगवती अग्रवाल स्मृतिचिन्ह व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से जरूरतमन्दों की सेवा सामाजिक व रचनात्मक कार्य कर रही है यही नही बल्कि उनके द्वारा कोरोनाकाल में भी बढ़चढ़ लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा के कार्य किये गये थे विभिन्न संस्थाओं में वे अपना आर्थिक सहयोग देकर जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को भी क्रियान्वित करने में योगदान रहा।

### पाली में बनेगा इको पार्क का नपं अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



**कोरबा।** नपं पाली अध्यक्ष अजय जायसवाल ने नगर के विभिन्न विकास कार्यों हेतु अपना 17 करोड़ 97 लाख का बजट पेश किया था। इसी कड़ी में पाली नपं अध्यक्ष अजय जायसवाल ने पाली स्थिति नौकोनिया तालाब के पास 1 करोड़ 27 लाख रु की लागत से बनने वाले इको पार्क भूमिपूजन किया। इको पार्क के बनने से पाली के गौरव नौकोनिया तालाब और ऐतिहासिक शिव मंदिर के आस पास की सुंदरता पर चार चांद लगेगा। भूमिपूजन अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि दीपक शर्मा, जितेंद्र माते, बंटी जायसवाल, स्वप्निल मिश्रा, रंजना कौशिक, रामनाथ यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मनाया 6वां जिला सम्मेलन



**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अपना 6वां जिला सम्मेलन आयोजित किया। सर्वप्रथम पूर्व जिला सचिव एवं राज्य पार्टी के कंट्रोल कमीशन सदस्य कामरेड एमएल रजक द्वारा पार्टी का झंडा तोलन किया गया। उसके बाद पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के पीड़ितों एवं सीमा पर शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दिए। तत्पश्चात अध्यक्ष मंडली के नाम की घोषणा की गई। जिसमें धर्मेंद्र तिवारी, अनूप सिंह, एसके सिंह, धरमा राव, मीना यादव, नरेंद्र मिश्रा, अध्यक्ष मंडली में शामिल हुए। सीपीआई जिला सचिव पवन कुमार वर्मा द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस सम्मेलन में कॉमरेड पवन कुमार वर्मा को पुनः जिला सचिव सर्वसम्मति से चुना गया और साथ ही सह सचिव कॉमरेड धर्मा राव, कॉमरेड अनूप सिंह कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी एवं 7 सचिव मंडल सदस्य चुने गए। वहीं 45 सकार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

### याद किए गए रोहरा दी गई श्रद्धांजलि

**कोरबा।** लेखक स्व सुरेश रोहरा को रविवार को अधिवक्ता श्यामल मालिक के कार्यलय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में समाजसेवी केदारनाथ अग्रवाल ने कहा कि उनका असमय जाना साहित्य की बहुत बढ़ी क्षति है। इस अवसर पर सनद दास दीवान ने कहा कि रोहरा एक उपन्यास कार थे। देश के कई लेखन के लिए वो दोनों एक साथ भ्रमण किये। प्रगतिशील लेखक संघ के संरक्षक शिव शंकर अग्रवाल ने कहा कि रोहरा ज़ब से प्रगतिशील लेखक संघ की जिम्मेदारी संभाली तब से उन्होंने कई कार्यक्रम किये। सभा को श्याम बिहारी बनाफार, अंजना सिंह ठाकुर, सुरेश सहगल, ने भी संबोधित किया।

## प्रतिवर्ष बारिश में सड़क में बने गढ्डे बन जाते हैं डबरी

# दो विभागों के बीच फंसी है इंडस्ट्रियल एरिया से खरमोरा बस्ती जाने वाली मुख्य सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खरमोरा इंडस्ट्रियल एरिया से खरमोरा बस्ती तक जाने वाली मुख्य सड़क उद्योग विभाग और लोक निर्माण विभाग के बीच फंसी हुई है। जिसका निर्माण इस बारिश में नहीं होने के कारण एक बार फिर लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। पिछले कुछ वर्षों से इंडसट्रियल एरिया की सड़कें खराब थी जिसका निर्माण कार्य हाल ही में उद्योग विभाग के माध्यम से हुआ है। किंतु मुख्य सड़क लोक निर्माण विभाग की होने के कारण नहीं बन सकी है।

**खास बात**

- बड़ी संख्या में खरमोरा बस्ती और आसपास के रिहायशी इलाकों के लोग करते हैं आवागमन

इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित औद्योगिक इकाईयों के आसपास बनी सड़कों का जीर्णोद्धार कार्य हाल ही के दिनों में सीआईडीसी के माध्यम से कराया गया है। जिससे सड़कें की हालत सुधरी और आसपास के लोगों को आवागमन की सुविधा मिली। उसके बाद भी कुछ ऐसी सड़कें हैं जिनका जीर्णोद्धार कार्य किया जाना आवश्यक है। ऐसी सड़कों पर सीआईडीसी ने अब तक अपनी नजरे नहीं इनायत की है। जिसकी वजह से अभी भी कुछ निवासियों को सड़कों की सुविधा नहीं मिल सकी है। इसके अलावा इंडसट्रियल एरिया से खरमोरा बस्ती की ओर जाने वाली काफी पुरानी मुख्य सड़क जिसका निर्माण कार्य इंडसट्रियल एरिया के स्थापना के दौरान लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया गया था तब से यह सड़क लोक निर्माण विभाग के अधीन है। यही कारण है कि विभाग में बजट की तंगी की वजह से यह मुख्य सड़क आज तक नहीं सुधर सकी है। औद्योगिक इकाईयों में आने वाले भारी वाहनों के आवागमन से सड़क में कई जगह गढ्ढे बन जाने से बरसात में पानी भरने के कारण डबरी जैसे नजर आते हैं। औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधन के द्वारा भी स्थानीय सहयोग के लिए सड़कों के गढ्ढे भी नहीं भरे जाते।



इंडस्ट्रियल एरिया से खरमोरा बस्ती जाने वाली सड़क।

**बनाया जा रहा पार्किंग स्थल**




औद्योगिक इकाईयों में आने वाले भारी वाहनों के लिए जो रोड में ही खड़े रहते थे उनके लिए अलग से पार्किंग स्थल बनाया जा रहा है। उक्त पार्किंग स्थल भी इस मुख्य सड़क के बगल में ही तैयार किया जा रहा है। पार्किंग स्थल आने वाले भारी वाहन इसी सड़क से होकर गुजरेंगे। किंतु सड़क के नवनिर्माण को लेकर गंभीरता नहीं दिखाए जाने के पीछे यही कारण सामने आया है कि उक्त सड़क दो विभाग के बीच फंसी हुई है।

**इन क्षेत्रों के आबादी करती है आवागमन**

इंडसट्रियल एरिया से खरमोरा बस्ती जाने वाली पीडब्ल्यू की मुख्य सड़क से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नई और पुरानी अटल आवास शांतिनगर खरमोरा बस्ती गोकुल नगर और खरमोरा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जेल के पीछे सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के लोग भी इसी सड़क से आना जाना करते हैं। मार्ग के दोनों ओर नगर निगम के द्वारा बिजली के खंभे लगाए जाने के बाद मार्ग का अंधेरा दूर करने का प्रयास किया गया किंतु बीते तीन चार माह से उक्त खंभों की बिजली बंद पड़ी हुई है जिससे आवागमन करने वाले लोगों को रात के समय हादसों का भय बना रहता है।

# दो लोगों को बाइक चालक ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक्टिवा में सवार होकर दो लोग बाजार से वापस अपने घर लौट रहे थे कि बीच रास्ते में किसी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के चालक ने एक्टिवा को अपनी चपेट में ले लिया जिससे एक्टिवा में सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है जबकि पीछे सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- गंभीर रूप से घायल दूसरे व्यक्ति का चल रहा उपचार

जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गनियारी निवासी लक्ष्मी नारायण 17 वर्ष पिता सूरज कंवर अपने परिचित हरिसिंह कंवर 50 वर्ष पिता स्वर्गीय लक्ष्मण कुमार के साथ एक्टिवा क्रमांक सीजी 12 वी 5038 में सवार होकर बाजार आया हुआ था जहां से देर शाम को बाजार कर दोनों एक्टिवा में वापस अपने गांव लौट रहे थे कि बीच रास्ते में किसी मोटरसाइकिल ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया जिससे लक्ष्मी नारायण व हरि सिंह कंवर को गंभीर चोट लगने पर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात को लक्ष्मी नारायण की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जलकुंभियों के बीच मिला अज्ञात शव पुलिस ने कराया अंतिम संस्कार

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कोयला साइडिंग की पोखरी से लावारिस हालत में अज्ञात शव बरामद हुआ था। 8 मई को मिले इस शव की तीन दिन बाद भी पहचान नहीं हो पाई। शव जलकुंभी में फंसा हुआ था। इस लावारिस अनचिन्हित शव को जिला प्रशासन की रेस्क्यू टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद पोखरी से बाहर निकाला। मृतक की उम्र 30-32 वर्ष के बीच आंकी गई है। वह पेंट और शर्ट पहने हुए था। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि शव से दुर्गंध आने लगी थी। सड़ने का खतरा होने के कारण पोस्टमार्टम के बाद रेलवे साइडिंग की पोखरी में लावारिस मिले अनचिन्हित शव का पुलिस ने अंतिम संस्कार कर दिया। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि युवक मछली पकडऩे गया होगा और जलकुंभी में फंसने से उसकी मौत हो गई होगी।

# सूने मकान में लाखों की चोरी के मामले में दो नाबालिग सहित, 4 गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अज्ञात चोरों ने विगत दिनों सीएसईबी कालोनी के सूने मकान में चोरी के मामले को अंजाम दिया था। इस मामले को पुलिस ने सुलझाते हुए पुलिस ने कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें 2 अपचारी बालक भी शामिल है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी का माल भी बरामद किया है।

**खास बात**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सीएसईबी कालोनी में हुई थी चोरी की वारदात

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सीएसईबी कालोनी की है। जहां मकान क्रमांक एनडी-42 में निवासरत पी व्ही सुब्रमणियम उम्र 37 वर्ष, पिता स्व पीवाय राव ने थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 29 अप्रैल को तेलंगाना राज्य से कोरबा समय लगभग 12.30 बजे अपने घर वापस आया तो देखा कि घर के पीछे का दरवाजा को तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु की थी। सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना की टीम आरोपी की पतासाजी कर रही थी। टीम के सदस्यों के द्वारा घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा एवं मुखबीरों को तैनात किया गया। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि अपचारी बालकों के साथ शिवम कश्यप पैसा खर्च कर रहा हैं शराब का सेवन कर रहे हैं। सूचना के आधार पर तीनों संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जो संदेही अपचारी बालक निकले। अपचारी बालक से चोरी गए मशरुका बरामद किया गया। शेष चोरी के समान को अजय यादव निवासी मोहलाईनभाठा कटघोरा को बेचना बताया। पकड़े गए हिरासत में लिए गए संदेही पूर्व में चोरी के मामले में निरुद्ध हो चुके हैं। संदेहियों से पूछताछ कर सोने का हार, सोने की चैन, सोने अंगूठी, चांदी का लोटा, चांदी का दो नग पायल, चांदी का चैन, कांसा का थाली, पीतल का लोटा कुल 4 लाख रुपए का सामान बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में आरामशीन शिवम कश्यप उम्र 19 वर्ष पिता घनाराम कश्यप, जेल रोड मोहलाईनभांठा निवासी अजय यादव उम्र 24 वर्ष पिता स्व० सतीष यादव तथा दो अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया है।

# वृद्ध महिला की फंदे में मिली लाश हत्या का संदेह, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बेटी और दामाद अपने साली के शादी समारोह में शामिल होने के लिए पास के गांव गए हुए थे। जब वापस लौटे तो देर रात को उन्होंने देखा कि उसके मां की फंदे में लाश लटक रही थी जिससे उनके होश उड़ गए और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**खास बात**

- पसान थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया का मामला, बेटी और दामाद गए थे शादी समारोह में शामिल होने

मामला जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र पसान थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया की है। यहां निवासरत सोन कुंवर 70 वर्ष पति बल सिंह अपनी बेटी राम कुमारी और दामाद श्रवण सिंह के साथ निवास करती थी। बताया जाता है कि श्रवण के रिश्तेदार की शादी होने पर श्रवण और उसकी पत्नी राम कुमारी पास के गांव गए हुए थे। इस दौरान उसकी सास सोनकुंवर घर पर अकेले ही थी। रविवार की रात जब शादी समारोह से श्रवण और राम कुमारी वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि सोनकुंवर की लाश फांसी के फंदे में लटक रहा है। इसकी सूचना पसान पुलिस को दी गई। पसान पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जहां पुलिस के आला अधिकारियों को भी इसकी सूचना दी गई जहां पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीन ऑफ क्राईम मोबाइल यूनिट से वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत सिंह कोसरीया, वैज्ञानिक अधिकारी डॉ राजश्री सिंह प्रधान, आरक्षक हेमंत चौहान, आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किए। जिसमें मृतका साड़ी से फांसी के फंदे पर लटकी हुई है तथा मृतका के सिर पर बांए कान के नीचे एवं चेहरे पर चोट के निशान हैं जिससे खून बहे हुए हैं। प्रथम दृष्टया हत्या कर फांसी पर लटकाया जाना प्रतीत होता है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।



गोल घेरे में फंदे में लटकी मिली महिला की लाश।

**युवक की फांसी के फंदे में मिली लाश**

उरगा थाना अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड भिलाईखुर्द में निवासी सूरज कुमार उम्र 30 वर्ष चौकीदारी का काम करता था जिसकी फांसी के फंदे में लाश मिली है। घटना की सूचना मिलने पर उरगा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पूरी तरह से आत्महत्या का है। परिजनों से जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक युवक पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से हालात उसकी ठीक नहीं थी। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

**महिला ने लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस**

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरिसिंगा निवासी निर्मला कश्यप पति किशन कश्यप ने रविवार की देर रात 12 बजे के आसपास जब क्षेत्र में बिजली गुल हो गई, तब घर के सभी सदस्य आंगन में सो रहे थे। इसी दौरान निर्मला अचानक अपने कमरे में चली गई। कुछ समय बाद जब परिवार वालों ने उसे ढूंढा तो पाया कि कमरा अंदर से बंद है। अनहोनी की आशंका पर पड़ोसियों को बुलाया गया। खिड़की से झांकने पर देखा गया कि निर्मला फांसी के फंदे पर झूल रही थी। घटना की सूचना तत्काल कुसमुंडा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

## जायसवाल समाज की बैठक संपन्न

# शादी में दहेज देने व लेने पर प्रतिबंध का बैठक में विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जायसवाल समाज की आहूत की गई बैठक में सामाजिक मुद्दों पर लंबी चर्चा हुई जिसमें निधन एवं विवाह के समय दहेज लेने व देने पर प्रतिबंध लगाने का विचार किया गया। कई ऐसे प्रस्ताव भी आये जिसमें अनावश्यक खर्चों पर कटौती करने व रोक लगाने की बात कही गई।

रविवार को पुरानी बस्ती दुर्गा मंदिर के समीप आयोजित सामाजिक बैठक में समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे। जिसमें यह विचार विमर्श हुआ कि विवाह कार्यक्रम में अनावश्यक रुप से प्री वेडिंग, महंगे बाजा, महंगे फटाखा पर रोक लगाने का प्रस्ताव लाया गया। इसके साथ समाज के किसी व्यक्ति के निधन के समय निजी रिश्तेदारों को छोड़कर समाज के अन्य सदस्यों से कपड़ा न लाने की अपील की गई। बैठक में समाज की जिलाध्यक्ष डॉ शकुंतला जायसवाल ने कहा कि फ्री वेडिंग, महंगे बाजा, फटाखा एवं दिखावा नहीं करनी चाहिए। तत्काल रोक लगाने की बात कही। जिलाध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल ने अपने राय व्यक्त करते हुए कहा कि रात्रि विवाह नहीं होनी चाहिए बलि गोदुली बेला विवाह उचित एवं ठीक भी हैं। मृत्यु भोज साधारण भोजन एवं निजी रिश्तेदारों के लिए होना चाहिए बाकी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। वहीं शिवशंकर जायसवाल ने कहा कि शादी में महंगे खर्च एवं फ्री वेडिंग से बचनी चाहिए । निधन के समय निजी रिश्तेदार को छोड़कर कफन कपड़ा लानी चाहिए बाकी सभी रिश्तेदारों को दसवां के दिन आर्थिक सहयोग करनी चाहिए। जैसे कि कटघोरा के वार्ड न दो तहसील भाटा एवं ग्राम डूडगा में निधन के समय कफ़न कपड़ा निजी रिश्तेदारों लाना एवं दसवां के दिन आर्थिक सहयोग किया जाता है। महिला समाज के इकाई कटघोरा के अध्यक्ष श्रीमती रंजू डिक्सेना ने भी कहा कि विवाह में महंगे खर्च नहीं होनी चाहिए। दहेज लेने एवं देने पर कड़ी प्रतिबंध लगनी चाहिए। इतना जरूर है कि लड़की के विवाह के समय माता पिता अपनी पुत्री को कुछ धन एवं सामान देने की परम्परा है। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता पवन जायसवाल, डॉ रवि जायसवाल, सुनीता जायसवाल, संगीता जायसवाल, मुक्ता जायसवाल, भारती जायसवाल, अनीता डिक्सेना, बाली जायसवाल, किरण जायसवाल, भावना जायसवाल, अर्चना जायसवाल, अनुपमा जायसवाल एवं अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित समाज के सदस्य।

**महिला अधिकारियों को समाज ने किया नमन**

बैठक में जायसवाल समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सबसे पहले ऑपरेशन सिंदूर पर हवाई सेना के दो महिला संचार अधिकारी, सेना कमांडर ने पाकिस्तान पर कई दर्जन आतंकवादियों को नष्ट करने में सफल हुए। जिनके नाम कर्नल सोफिया कुरैशी एवं विंग कमांडर व्योमिका सिंह है। दोनों जाबाज अधिकारियों जायसवाल समाज की ओर से शत शत नमन।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780